पत्र सं0–208/एक/11–2020

प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं बेसिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
आईटेक्स प्रकोष्ठ (मुख्यालय–112, यू0पी0)
उ0प्र0 लखनऊ।

राजस्व अनुभाग–11 लखनऊः दिनांक– 20 अप्रैल 2020

**विषय–डायल 112 सेवा में लगे पुलिस कर्मियों द्वारा कोविड–19 के समय किये गये उत्कृष्ट कार्य को कोरोना वारियर्स के रूप में प्रसारित किये जाने के समबन्ध में।**

**महोदय,**

अवगत कराना है कि राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश शासन में कार्यरत सोशल मीडिया सेल द्वारा कोरोना वारियर्स नामक श्रृंखला प्रचारित/प्रसारित की जा रही है, जिसमें अभी तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो का प्रचार/प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता के बीच किया गया है।

2– इसी क्रम में डायल 112 सेवा में लगे पुलिस विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा कोविड–19 के समय किये गये उत्कृष्ट कार्यो का संक्षिप्त प्रशंसात्मक विवरण उनकी फोटो/वीडियो सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे पुलिस विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों के उत्कृष्ट कार्यो का प्रचार–प्रसार राहत आयुक्त कार्यालय के सोशल मीडिया सेल के माध्यम से भी किया जा सके।

भवदीया,
(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव, गृह को सूचनार्थ प्रेषित।

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

Scanned with CamScanner